देवघर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू होगी घरेलू उड़ानें

चर्चा में क्यों?

14 जून, 2022 को देवघर एयरपोर्ट के डायरेक्टर संदीप ढींगरा ने बताया कि आगामी 15 जुलाई से शुरू होने वाले विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेले के पहले नवनिर्मित देवघर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से घरेलू उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

प्रमुख बिंदु

- इस एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जुलाई को करेंगे। गौरतलब है कि इस एयरपोर्ट का ऑनलाइन शिलान्यास 25 मई, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही किया था।
- यह झारखंड का पहला इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, लेकिन पहले फेज में यहाँ से घरेलू उड़ान सेवाएँ शुरू की जाएंगी। देवघर राज्य का पहला एयरपोर्ट होगा, जहाँ से भविष्य में विदेशों के लिये भी सीधी उड़ान सेवाएँ शुरू की जा सकेंगी।
- पूरे राज्य में फिलहाल मात्र रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट (Birsa Munda Airport) से नियमित घरेलू उड़ान सेवाएँ संचालित हो रही हैं।
- गौरतलब है कि डीजीसीए (डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन) ने देवघर एयरपोर्ट को घरेलू उड़ानों के लिये 11 अप्रैल, 2022 को ही लाइसेंस जारी कर दिया था। इसके बाद 8 जून को इस एयरपोर्ट से इंडिगो की एयर बस-320 ने ट्रायल के तौर पर उड़ान भरी थी।
- देवघर एयरपोर्ट के डायरेक्टर संदीप ढींगरा ने बताया कि यहाँ से पहले दिल्ली, मुंबई, बंगलुरु और राँची के लिये नियमित उड़ान सेवा शुरू होगी। इसके लिये इंडिगो और स्पाइसजेट ने अपनी तरफ से अप्रूवल दे दिया है। एयर एशिया समेत अन्य विमानन कंपनियों ने भी देवघर एयरपोर्ट से अपनी सेवाएँ देने की इच्छा जाहिर की है।
- इस एयरपोर्ट का निर्माण लगभग 400 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है, जिसमें 50 फीसदी अंशदान डीआरडीओ का है। एयरपोर्ट की इमारत पर यहाँ के विश्वप्रसिद्ध बाबा वैद्यनाथ मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है। इस पर ब्रास से पंचशूल बनाया गया है, जो दूर से ही दिखता है। ऐसा ही पंचशूल बाबा वैद्यनाथ मंदिर में भी है।
- देवघर में प्रतिवर्ष सावन में एक महीने तक विशाल श्रावणी मेले का आयोजन होता है, जिसमें बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिदिन करीब एक से डेढ़ लाख श्रद्धालु पहुँचते हैं। मेले के पहले यहाँ से उड़ान सेवाएँ शुरू होने से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी।
- फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष धीरज तनेजा ने बताया कि देवघर एयरपोर्ट से सेवाएँ शुरू होने से व्यापार और उद्योग की संभावनाओं को भी विस्तार मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/domestic-flights-to-start-from-deoghar-international-airport